## खास-खबरें

### प्रदेश चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी आज से भोपाल प्रवास पर रहेंगे



**भोपाल।** केन्द्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश के प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव एवं केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश सह चुनाव प्रभारी अश्विनी वैष्णव 15 से 17 जुलाई तक भोपाल प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान भोपाल में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव एवं केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव 15 जुलाई को दोपहर 12.50 बजे नियमित विमान से भोपाल पहुचेंगे। नेताद्वय 15 से 17 जुलाई तक भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित विभिन्न बैठकों में शामिल होंगे। नेताद्वय 17 जुलाई को दोपहर1.30 बजे भोपाल से नई दिल्ली रवाना होंगे।

### कैलाश जोशी की जयंती पर पौधरोपण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी की जयंती पर उनकी स्मृति में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री ने श्यामला हिल्स उद्यान में स्व. श्री जोशी के परिवार के सदस्यों के साथ पीपल, कदम्ब, नीम और करंज के पौधे रोपे। पौधरोपण में पूर्व सांसद आलोक संजर, जयवर्धन जोशी, रजत शर्मा, पंकज शुक्ला, अनिल धार्मिक, नवल प्रजापति और विक्रम सिंह शामिल हुए। मुख्यमंत्री की पहल पर रोहित शर्मा और कीर्ति गौर की जटिल बीमारियों का इलाज हुआ था। मुख्यमंत्री का श्री शर्मा और सुश्री गौर ने पौधरोपण कर आभार माना। श्री चौहान द्वारा स्वेच्छानुदान मद से सहायता उपलब्ध करवाकर रोहित शर्मा का सफल उपचार पारुल अस्पताल भोपाल में और सुश्री कीर्ति का उपचार मुम्बई में कराया गया। पौध-रोपण में डॉ. आरके गौर, राघव गौर, पीके शर्मा, रोहित शर्मा, देवकीनंदन शर्मा आदि शामिल हुए। श्री चौहान के साथ गुलाबराव बुआड़े, श्रीमती पुष्पलता बुआड़े, सोनू तथा श्रीमती शकुन्तला साहू ने अपनी विवाह वर्षगांठ पर और रंजना बुआड़े ने अपने जन्मदिवस पर पौधे लगाए।

### आयुष विभाग की 5 सेवाएं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत

**भोपाल।** आयुष विभाग में 5 विभागीय सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। इन सेवाओं के लिये समय-सीमा भी तय की गई है। जिन सेवाओं को शामिल किया गया है, उनमें आयुष चिकित्सकों का पंजीयन, आयुष चिकित्सकों का प्रोवीजनल पंजीयन, अन्य प्रदेश में पंजीयन के लिये एनओसी जारी किया जाना, आयुर्वेद औषधि निर्माण लायसेंस जारी करने के साथ ही होम्योपैथी औषधि निर्माण लायसेंस जारी करना शामिल है। इसकी प्रक्रिया के लिये 30 कार्य-दिवस की समय-सीमा तय की गई है। केन्द्र सरकार की योजना के अंतर्गत प्रदेश में आयुष मिशन योजना के क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तर पर आयुष मिशन सोसायटी का गठन किया गया है।

### मिलेट मिशन में अजजा के किसानों को दिए रागी के बीज मिनीकिट

**भोपाल।** कृषि विभाग द्वारा जिले के आदिवासी बाहुल्य दूरस्थ ग्रामों के किसानों को मिलेट मिशन के अंतर्गत मोटे अनाजों के बीज मिनीकिट का वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बालाघाट जिले के विकासखंड परसवाड़ा के ग्राम कोरजा, गरारीरबहेरा, सांडा, मजगांव आदि ग्रामों के बैगा कृषक एवं अन्य अनुसूचित जनजाति के कृषकों निःशुल्क रागी (मढ़िया) के बीज मिनीकिट का वितरण किया गया। किसानों को बीज मिनीकिट वितरण के साथ ही रागी के अधिक उत्पादन के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। रागी सुपर फूड है, क्योंकि यह जरूरी पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है। यह होल ग्रेन अनाज है, जो ग्लूटेन फ्री है। रागी में कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें विटामिन-डी होता है, जिससे कैल्शियम का अवशोषण आसानी से होता है। रागी में पॉलीफेनोल्स और डाइटरी फाइबर पाये जाने एवं ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होने के कारण डायबिटीज के मरीजों के लिये भी यह अच्छा ऑप्शन है। रागी आयरन से भरपूर होने के कारण हीमोग्लोबिन को बढ़ाता है। यह एंटी एजिंग भी है। श्री अन्न रागी एनर्जीदायक, पोषण से भरपूर, स्वास्थ्यवर्धन में सहायक अन्न है।

### नर्सिंग मामले में डीएमई कोर्ट में हुए पेश, देरी के लिए मांगी माफी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश नर्सिंग घोटाले के मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में लगातार तीसरे दिन सुनवाई हुई। इस दौरान डीएमई और पूर्व रजिस्ट्रार पर कार्यवाही के संबंध में शपथ पत्र पेश किया गया। डीएमई ने शपथ पत्र में पूर्व रजिस्ट्रार के खिलाफ कार्रवाई में लापरवाही व देरी के मामले में माफी मांगी। सरकार की ओर से कोर्ट को आश्वस्त किया गया कि जिन मामलों मे लापरवाही के संबंध में कोर्ट द्वारा टिप्पणियां की गई हैं, वह सभी अगले दो हफ्ते में निपटा ली जाएंगी। इसके अलावा, पूर्व रजिस्ट्रार को भी भोपाल/इंदौर के अलावा दूसरी जगह पदस्थ किया जाएगा।

### जैन समाज के प्रदर्शनों का कमलनाथ ने किया समर्थन

**भोपाल।** कर्नाटक में एक जैन मुनि की हत्या की घटना के विरोध में देश में विभिन्न स्थानों पर हो रहे प्रदर्शनों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि वे समाज के शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का समर्थन करते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट के जरिए कहा, जैन धर्म के मुनि और संत समाज की सुरक्षा को लेकर देश के अलग अलग हिस्सों में जैन समाज ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए हैं। मैं जैन समाज के इन शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का समर्थन करता हूं और आश्वस्त करता हूं कि कांग्रेस पार्टी जैन समाज की भावनाओं का सम्मान करती है। कर्नाटक के जिस प्रकरण को लेकर जैन समाज चिंतित है, वहां भी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुनि और संत समाज की सुरक्षा और अभय विचरण सुनिश्चित करना सबकी नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है।

# आमजन के लिए तपस्वी बनकर जिए कैलाश जोशीः चौहान

### देवास के ओल्ड फ्लायओवर और हाटपिपल्या की आईटीआई का नामकरण जोशी जी के नाम पर




**भोपाल (काप्र)।**

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्व. कैलाश जोशी आमजन के लिए जीते थे। वे ऐसे तपस्वी व्यक्तित्व थे, जिनका कार्य और आचरण ही बोलता है। अपने लिए तो सभी जीते हैं, लेकिन कैलाश जी आम लोगों के लिए जीते थे। उनकी प्रतिबद्धता आमजन और समाज के प्रति थी।**

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मानस भवन में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी की जयंती पर एक्टिव फ्रेण्डस भोपाल के संयोजन में संत स्मरण दिवस-राजनीति के संत कैलाश जोशी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. जोशी की जन्म-स्थली हाटपिपल्या में आईटीआई का नाम स्व. कैलाश जी के नाम से किया जाएगा। देवास के ओल्ड फ्लायओवर का नामकरण भी स्व. कैलाश जोशी के नाम से होगा। श्री चौहान ने स्व. जोशी के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैलाश सदैव अहंकार मुक्त रहते थे। वे गीता के उस श्लोक में बताए गए सभी गुणों से युक्त थे, जिसमें सात्विक कार्यकर्ता की पहचान राग-द्वेष से रहित रहने, अहंकार से मुक्त, धैर्यवान होने और उत्साहयुक्त बने रहने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक कार्य के प्रति उनका समर्पण दिखाई देता था। वे उत्साह से भरे रहते थे। उन्होंने अन्याय के खिलाफ अनेक आंदोलन किए। मुख्यमंत्री ने स्व. जोशी से जुड़े कुछ संस्मरण भी साझा किए। वे आमतौर पर विनम्र रहते थे, लेकिन ऐसा नहीं है कि उन्हें क्रोध न आता हो। वर्ष 1974 में भोपाल में उप चुनाव के दौरान राजधानी में एक मतदान केन्द्र पर कैलाश जी का रौद्र रूप भी देखने को मिला था। वे अव्यवस्था और अनियमितता सहन नहीं करते थे।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कहा कि कर्त्तव्य पराणयता स्व. कैलाश जी से सीखी जा सकती है। वे मिलनसार और उदार व्यक्तित्व थे। उन्होंने हमेशा सिद्धांत आधारित राजनीति की। हितानंद शर्मा ने कहा कि स्व. जोशी ने जो जीवन जिया, विचार के आधार पर जिया। एक संगठन को वट वृक्ष के रूप में गढ़ते हुए उन्होंने सभी को प्रेरणा दी। प्रारंभ में जयवर्धन जोशी ने कहा कि आज संत स्मरण दिवस में उपस्थित सभी जन-प्रतिनिधियों और नागरिकों ने स्व. कैलाश जोशी के प्रति सम्मान व्यक्त किया है। अनेक दलों और संगठनों के प्रतिनिधि यहाँ उपस्थित हैं। कार्यक्रम में सांसद सुश्री प्रज्ञा सिंह ठाकुर, पूर्व सांसद ी आलोक संजर और रघुनंदन शर्मा, एवं माखन सिंह, सुमित पचौरी, जितेन्द्र डागा, गोपीकृष्ण व्यास, मनोहर नाईक, शशि भाई सेठ, योगेश जोशी, ओपी तिवारी, राजकुमार, कैलाश मालवीय, नंदकिशोर, अभय, अनिल अग्रवाल, राजेश हिंगोरानी, चंदन भूरानी, विनोद तिवारी, राजीव खंडेलवाल अलावा के स्व. कैलाश जोशी के परिवार के सदस्य और नागरिक उपस्थित थे। संचालन जयवर्धन जोशी ने किया। नितिन लोहनी ने अतिथियों और उपस्थितों का आभार माना।

## बुलियन के फर्जी बिल बनाने वाले रैकेट का भंडाफोड़

### 6 से 8 माह की अवधि में 375 करोड़ का बुलियन व्यापार

**भोपाल (काप्र)।**

**वाणिज्यिक कर विभाग ने बुलियन व्यापार करने वाले व्यवसाइयों द्वारा फर्जी बिल बनाने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है।**

विभाग के डेटा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से मिली मदद से पिछले 6 से 8 माह की अवधि में 375 करोड़ रूपये का अवैध बुलियन व्यापार पाया गया। विभाग द्वारा बीफा/ गेन, ई वे बिल एवं जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध 400 से अधिक एनालिटिकल रिपोर्ट का बारीकी से परीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है।

वाणिज्यिक कर आयुक्त लोकेश कुमार जाटव एवं विशेष कर आयुक्त श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में उच्च मूल्य की वस्तु 'बुलियन' के व्यापार में संलिप्त व्यवसाइयों से सघन डाटा एनालिसिस कर पाया गया कि प्रदेश में बुलियन (सोने एवं चांदी) के एक संगठित नेटवर्क द्वारा अपने निजी कर्मचारियों, जैसे घरेलू नौकरों/ ड्राइवर या अन्य व्यक्तियों, के दस्तावेजों पर जीएसटी पंजीयन प्राप्त किये गये हैं। साथ ही इन कर्मचारियों के दस्तावेजों का उपयोग बैंक खाता खोलने में भी किया गया है। जीएसटी पंजीयन प्राप्त कर पंजीयत व्यवसाइयों से बड़ी मात्रा में बुलियन क्रय किया गया। उसके बाद फर्जी बिल जारी कर इन बुलियन को छोटी-छोटी मात्रा में निजी उपभोक्ताओं को बेचा जाना बताया गया। प्रथम चरण में विभाग द्वारा चिन्हांकित 7 संदिग्ध बुलियन व्यवसाइयों द्वारा 6 से 8 माह की अवधि में लगभग 375 करोड़ रुपये का बुलियन संबंधी व्यापार किया जाना पाया गया। यह समस्त बुलियन इसी अवधि में निजी उपभोक्ताओं को बेचा जाना भी बताया गया। श्री जाटव के निर्देशन में जीएसटी अधिनियम के तहत संदिग्ध फर्मों पर सर्च की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में सतना, कटनी, जबलपुर एवं छतरपुर की 6 संदिग्ध फर्मों के व्यवसाय स्थलों पर कोई व्यावसायिक गतिविधि संचालित होना नहीं पायी गई। एक फर्म द्वारा पंजीयन निरस्त करा लेने के कारण सर्च की कार्यवाही नहीं की गयी। इन संदिग्ध फर्मों द्वारा लगभग 724 किलोग्राम बुलियन का व्यापार किया गया तथा 5 से 10 ग्राम तक के बुलियन को अपंजीयत व्यक्तियों को फर्जी बिल जारी कर विक्रय करना दर्शाया गया।

## नौजवानों को निराश होने की आवश्यकता नहीं: डॉ. मिश्रा

**भोपाल (काप्र)।**

**गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने नौजवानों को आश्वस्त किया है कि उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार नौजवानों और युवाओं के साथ है।**

> गृह मंत्री से मिले पटवारी चयन परीक्षा में चयनित छात्र

शुक्रवार सुबह पटवारी चयन परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों ने गृह मंत्री डॉ. मिश्रा के निवास पहुँच कर अपनी पीड़ा से अवगत कराया। डॉ. मिश्रा ने कहा है कि प्रदेश के नौजवानों के मन में निराशा का भाव आने नहीं दिया जायेगा। पटवारी चयन परीक्षा में चयनित होने वाले और परीक्षा में तैयारी करने के बाद भी किसी कारणवश चयनित न हो पाने वाले सभी युवा प्रदेश के भविष्य हैं। प्रदेश सरकार युवाओं को संकल्पित होकर रोजगार उपलब्ध कराने के लिये कार्य कर रही है। सरकार अपने तय लक्ष्य अनुसार 15 अगस्त, 2023 तक एक लाख नौकरियाँ युवाओं को उपलब्ध करा देगी। इसके बाद 50 हजार और भर्तियाँ कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। युवाओं को हताश और निराश होने की आवश्यकता नहीं है।

## आज से काम पर लौटेंगे प्रदेश के 1028 आउटसोर्स कर्मचारी

### मुख्यमंत्री ने सभी को किया बहाल, आंदोलन के चलते सेवाएं समाप्त की गई थीं



**भोपाल(काप्र)।**

**मध्यप्रदेश के 1028 आउटसोर्स बिजली कर्मचारी शनिवार से काम पर लौटेंगे। पिछले कई महीने से यह सभी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। जिसके चलते उनकी सेवाएं खत्म कर दी गई थीं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी को बहाल कर दिया।**

करीब छह महीने पहले आउटसोर्स कर्मचारी बाहर कर दिए गए थे। उन्होंने 21 से 25 जनवरी के बीच हड़ताल की थी। इसके चलते मध्यप्रदेश यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एंप्लॉय एवं इंजीनियर संगठन लगातार कर्मचारियों की बहाली की मांग कर रहा था। आखिरकार अब उनकी बहाली कर दी गई है। शुक्रवार को बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों के एक प्रतिनिधि मंडल की सीएम से मुलाकात हुई। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर भी मौजूद रहे। सीएम ने मुलाकात कर सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को बहाल कर दिया। सीएम ने कहा कि आप अति आवश्यक विभाग के कर्मचारी हैं। हड़ताल शोभा नहीं देती। कल से सभी काम पर जाना।आउटसोर्स कर्मचारियों की बहाली को लेकर ऊर्जा मंत्री सिंह ने ट्विट भी किया। लिखा कि इस सहजता एवं संवेदनशीलता के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करता हूं।

## देवास जिला पंचायत अध्यक्ष सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**भोपाल (काप्र)।**



मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी और प्रदेश शासन के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष मुख्यमंत्री निवास में देवास जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया ने कमलनाथ और कांग्रेस की नीतियों से आहत होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान श्रीमती अटारिया के पति भेरूलाल अटारिया सहित सैकड़ों समर्थकों को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सभी को सदस्यता दिलाकर अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

## खजुराहो में होगी पांचवी हेलीकॉप्टर एंड स्मॉल एयरक्रॉफ्ट समिटः शर्मा

**भोपाल (काप्र)।**

**खजुराहो में जी-20 समिट के बाद अब वहां होने वाली हेलीकॉप्टर एंड स्मॉल एयरक्रॉफ्ट समिट निश्चित रूप से खजुराहो को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि दिलाएगी और अपने मंदिरों तथा मूर्तियों के लिए विख्यात यह विश्व धरोहर स्थल पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊचाईयों को छुएगा।**

यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने हेलीकॉप्टर एंड स्मॉल एयरक्रॉफ्ट समिट के लिए खजुराहो का चयन किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कही। शर्मा ने खजुराहो में इस आयोजन के लिए तथा दो पायलट ट्रेनिंग स्कूलों के शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद दिया।

श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय उड्डयन मंत्रालय, मध्यप्रदेश सरकार, पवनहंस और एफआईसीसीआई द्वारा संयुक्त रूप से विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में 25 जुलाई को पाँचवी हेलीकॉप्टर एंड स्मॉल हेलीकॉप्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट की थीम 'रीचिंग द लास्ट माइलः रीजनल कनेक्टिविटी थ्रो हेलीकॉप्टर्स एंड स्मॉल एयरक्राफ्ट्स' होगी। समिट में नागरिक उड्डयन सेवाओं से जुड़े कई विषयों पर मंथन होगा। टूरिस्ट स्थलों को सिविल एविएशन से जोड़ने को लेकर भी चर्चा होगी। इंडस्ट्री से जुड़े कई स्टेकहोल्डर और पॉलिसी मेकर को एक साथ एक प्लेटफार्म पर लाने को लेकर चर्चा होगी। पहाड़ी और दूरदराज के इलाक़ों को उड़ान स्कीम से जोड़ने को लेकर भी मंथन होगा। शहरों और टूरिस्ट स्पॉट की कनेक्टिविटी पर प्लानिंग होगी। शर्मा ने आशा जताई कि खजुराहो में इस समिट के आयोजन से न सिर्फ यहां पर्यटन का विकास होगा, बल्कि खजुराहो को दुनिया के हवाई यातायात मानचित्र पर उभारने में भी मदद मिलेगी। श्री शर्मा ने कहा कि इसके साथ ही 25 जुलाई को ही खजुराहो में दो पायलट ट्रेनिंग स्कूलों का भी उद्घाटन किया जाएगा। पायलट ट्रेनिंग स्कूल का औपचारिक शुभारंभ मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय उड्डयन मंत्री करेंगे, इससे प्रदेश के युवाओं को भी पायलट के रूप में अपना कॅरियर संवारने का अवसर मिलेगा।

## एसआईटी करेगी लोन कंपनी से प्रताड़ित परिवार की आत्महत्या मामले की जांचः नरोत्तम

**भोपाल(काप्र)।**

**राजधानी में एक परिवार द्वारा लोन कंपनी की प्रताड़ना से तंग आकर की गई आत्महत्या की जांच अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ( एसआईटी ) करेगी।**

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज इसकी घोषणा करते हुए कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि परिवार के सुसाइड मामले में एसआइटी का गठन किया जा रहा है। यह एसआइटी जोन-वन के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शशांक के नेतृत्व में काम करेगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि परिवार को प्रताड़ित करने वाले सभी लोगों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करेंगें। ऐसे एप्लीकेशन वाले नंबरों को चिह्नित भी किया जा रहा है, जिनसे उनको (भूपेंद्र विश्वकर्मा) को धमकी मिली, दबाव डाला गया था। ऐसे लोन वाले एप्लीकेशंस को भी चिह्नित किया जा रहा है। इन्हें बैन करने के लिए केंद्र सरकार से भी आग्रह करेंगें। उन्होंने कहा कि घटना दुखद है। इस मामले में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

गौरतलब है कि ऑनलाइन फ्राड एप कंपनी की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर रातीबड़ स्थित शिव विहार कालोनी में रहने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा और उनकी पत्नी रितु ने गुरुवार तड़के अपने दोनों बच्चों को जहर देकर मारने के बाद , खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी थी। उन्होंने मरने से पहले चार पन्नों का सुसाइड नोट लिखा था। इसमें ऑनलाइन लोन एप कंपनियों की धोखाधड़ी से परेशान होकर इस तरह का कदम उठाने की बात लिखी है।

## प्रदेश को बदनाम करने का काम कर रहीं नेहा राठौरः पाटीदार

**भोपाल।** भाजपा की प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार ने कहा कि भोजपुरी गायिकी नेहा सिंह राठौर ने मुख्यमंत्री को अपशब्द कहकर अपमानित करने का काम किया है। वे सुर्खियों में बनी रहने के लिए इस तरह का झूठा षडयंत्र कर प्रदेश सरकार को बदनाम कर रही हैं। इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। कभी वे सीधी घटनाक्रम के आरोपी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक के गणवेश में दिखाती हैं तो कभी प्रदेश सरकार की जनहितैषी योजनाओं को लेकर विवादित पोस्ट डालती है। यह मध्य प्रदेश की धरती है और यहां भाजपा की सरकार है, जहां महिला, बुजुर्गों, युवाओं व हर वर्ग का मान-सम्मान होता है। नेहा राठौर के इस कुत्सित षड्यंत्र को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं इस मामले को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने प्रदेश भर में नेहा राठौर के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही उन पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**स्पेशल खबर** विकास पर्व यात्रा और लाड़ली बहना सम्मेलन में होंगे शामिल...

# मुख्यमंत्री सत्रह जुलाई को करेंगे स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ

**भोपाल (काप्र)।**

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 17 जुलाई से आरंभ हो रहे स्कूल चलें हम अभियान और बड़वानी व राजगढ़ में विकास पर्व यात्राओं के लिए जारी तैयारियों की समीक्षा की।**

मुख्यमंत्री ने सीहोर में होने वाले लाड़ली बहना सम्मेलन तथा धार जिले में कुक्षी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए जारी गतिविधियों की भी जानकारी प्राप्त की। निवास कार्यालय समत्व भवन में हुई बैठक में स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदरसिंह परमार वर्चुअली शामिल हुए। अपर मुख्य सचिव जल संसाधन श्री एस.एन. मिश्रा, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरूण शमी तथा महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

15 जुलाई को आष्टा जिला सीहोर के मुखर्जी मैदान में लाड़ली बहना सम्मेलन होगा, इसके साथ ही दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरण तथा रोड-शो भी आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान लाड़ली बहना सेना प्रशिक्षण बुकलेट का विमोचन और आजीविका मिशन की महिलाओं से संवाद भी करेंगे। दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम में लगभग 379 हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। आष्टा में नगर पालिका कम्युनिटी हॉल से आरंभ होने वाले रोड-शो में व्यावसायिक संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि तथा लाड़ली बहना सेना की बहनें शामिल होंगी। रोड-शो में विभिन्न विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों पर केन्द्रित प्रदर्शनियाँ भी होंगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान 16 जुलाई को कुक्षी सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। लगभग 2200 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना से धार जिले के 175 गाँवों के एक लाख 25 हजार किसान लाभान्वित होंगे तथा 75 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान मेघनाथ घाट चंदनखेड़ी में परियोजना का भूमिपूजन करेंगे तथा चयनित कृषकों और श्रमिकों के साथ बातचीत करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाभान्वित होने वाले गाँवों के निवासियों को भी भूमिपूजन में आमंत्रित किया जाए। श्री चौहान 16 जुलाई को ही बड़वानी जिले में नागलवाड़ी माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात बड़वानी पहुंचकर विकास पर्व यात्रा में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री जनजातीय प्रतिनिधियों और लोक कलाकारों से संवाद भी करेंगे।

मुख्यमंत्री 17 जुलाई को शाजापुर के ग्राम गुलाना से स्कूल चलें हम अभियान 2023-24 का शुभारंभ और सीएम राइज़ स्कूल गुलाना के शाला भवन का लोकार्पण करेंगे। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश की सभी शालाएं व अभिभावक-शिक्षक संघ वर्चुअली जुड़ेंगे। स्कूल चलें हम अभियान को जन-आंदोलन में बदलने के उद्देश्य से 17 से 19 जुलाई तक सभी शासकीय शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा। इसमें विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्ति मार्गदर्शन देंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान 17 जुलाई को राजगढ़ में विकास-पर्व यात्रा के अंतर्गत रोड-शो में शामिल होंगे।